## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोटर गैरेज में लगी आग, बाईक समेत लाखों का सामान जलकर खाक

**बिलासपुर (आरएनएस)।** लिंक रोड बुखारी पेट्रोल पम्प के सामने स्थित मोटर गैरेज में शुक्रवार की रात अचानक आग लग गई, इस हादसे से दुकान में मरम्मत के लिए रखी कुछ गाडियां व अन्य सामान जलकर खाक हो गए, देर रात तक दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया, शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। राजकिशोर नगर निवासी रवि कश्यप और विक्की कश्यप फू ल का व्यवसाय करते है। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे दुकान बंद करके रवि कश्यप व कर्मचारी घर चले गए। रात करीब 10 बजे पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों ने देखा, कि इनकी गैरेज से धुआं निकल रहा है, और देखते ही देखते धुआं आग में बदल गया। इसकी सूचना गैरेज संचालक और दमकल को दी गई। सूचना मिलते ही तारबाहर पुलिस व 3 दमकल गाडियां मौके पर पहुंची, और करीब डेढ़ बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे से गैरेज में रखी कुछ गाड़ियां, टायर, मरम्मत व बेल्डिंग की सामग्रियां, दरवाजा सहित लाखों का सामान जलकर खाक हो गई।

### ट्रक हटाने के विवाद में ड्राईवर की पिटाई, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** ट्रक में लोड माल का वजन कराने के दौरान ट्रक चालक की पिटाई किये जाने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवारी बाजार बीरगांव निवासी संतराम कुर्रे 47 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शुक्रवार को ग्रेविटी 2 कंपनी के गेट के अंदर ट्रक में लोड माल का वजन कराने के दौरान माल ज्यादा हो जाने पर ट्रक हटाने की बात कह ग्रेविटी कंपनी का सुपरवाइजर जयप्रकाश पांडेय निवासी अछोली ने प्रार्थी को डंडे से पिटाई कर दी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने सुपरवाईजर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### इसाफ फाइनेंस बैंक से मिला लोन, ओटीपी नंबर पूछा और खाते से पार हो गए रूपये

» महिलाओं ने बागबाहरा थाने में की शिकायत दर्ज

**महासमुंद (आरएनएस)।** ओटीपी नंबर पूछकर महिला समूहो के खाते से रूपये गायब होने का मामला सामने आया है। महिलाओं ने इसकी शिकायत बागबाहरा थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी संजय राजपूत ने बताया कि दो महिलाओं शुक्रवार को इसकी शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार बागबाहरा में स्थित ईसाफ फाइनेंस बैंक संचालित है। इनके द्वारा 400 महिला समूहों को ब्याज दर पर लोन दिया गया है। वह 28 दिसंबर 2019 को इसाफफाइनेंस बैंक से लगभग 60 हजार रूपये लोन लिया था। इधर, खाते में रूपये जमा होते ही उसके फोन पर अनजान नंबर से फोने आया और अपने आप को बैंक का अफसर बताते हुए कहा कि आपके खाते में रूपये जमा हो गए हैं। आपके नंबर में ओटीपी आया है उस नंबर को बताओं। जैसे ही ओटीपी नंबर बताया उसके खाते से 30 हजार रूपये गायब हो गए।

### छत्तीसगढ़ में आदिवासियों पर दर्ज 313 नक्सल मामलों को वापस लेने की सिफारिश

**रायपुर (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट के सेवा निवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए.के.पटनायक के नेतृत्व में गठित समिति ने छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित आठ जिलों में आदिवासियों पर दर्ज मामलों की समीक्षा शुरू कर दी है। इस समिति का गठन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र के अनुरूप किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यहां राष्ट्रीय न्यूज सर्विस (आरएनएस) को बताया कि समिति ने पहली बैठक में 313 मामलों को वापस लेने की सिफारिश की थी। इनमें से बस्तर संभाग के जिलों में अब तक 215 मामले वापस लिए जा चुके हैं। राजनांदगांव जिले के 98 मामले फिलहाल अदालतों में प्रक्रियाधीन हैं। समिति की आगामी बैठक जल्द होने वाली है जिसमें 197 मामलों पर निर्णय लिया जाएगा।

### दिनेश वायर्स एंड स्टील कंपनी से 11 नग डाई मशीन चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** मैत्रीनगर डीडी नगर निवासी निखिल श्रीमाली 33 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 2 जनवरी को मेटल पार्क रोड जीबीआर पेट्रोल पंप के सामने रावांभाठा स्थित प्रार्थी की कंपनी दिनेश वायर्स एंड स्टील से किसी अज्ञात चोर ने प्रवेश कर 11 नग डाई मशीन चोरी कर लिया।

# जनता की सुविधा सर्वोपरि है- मंत्री अनिला भेंड़िया



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया एवं राज्यसभा सांसद छाया वर्मा के निर्देश पर आज राजधानी में राजातालाब के वन कॉलोनी स्थित उनके बंगले की बाहरी दीवार यातायात को सुगम बनाने और शहर की सुंदरता के लिए ढहा दी गई।

जनता की सुविधा को देखते हुए मंत्री तथा राज्यसभा सांसद ने अपने पुराने भवन की बाहरी दीवाल को 25 फीट तक तोड़ने हेतु जिला प्रशासन को निर्देशित किया। मंत्री भेंड़िया और कलेक्टर रायपुर भारतीदासन की उपस्थिति में आज दीवार को तोड़ा गया। रायपुर शहर को व्यवस्थित करने इससे पहले भी मुख्य सचिव आर पी मंडल, अपर मुख्य सचिव अमिताभ जैन सचिव अलरमेल मंगई ने भी अपने बंगले के सामने की दीवार को ढहा दिया था।

भेंड़िया ने कहा कि आम जनता की सुविधा सर्वोपरि है। राजधानी में यातायात के बढ़ते दबाव,राजधानी की सुंदरता के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से उन्होंने अपने बंगले की दीवार को तोड़ने का निर्णय लिया है। अब सड़क के चौड़ा हो जाने से राहगीरों को आने जाने में सुविधा होगी। शहर को सुंदर बनाना हमारी जिम्मेदारी है,क्योंकि शहर भी अपना ही घर है। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता के हित में अन्य लोगों से भी सहयोग करने की अपील की है,जिससे राजधानी रायपुर को सुगम और व्यवस्थित स्वरूप दिया जा सके।

इस अवसर पर लोक निर्माण, समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### धमतरी जिले की बालिका भामेश्वरी राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार लेने दिल्ली हुई रवाना



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले की रहने वाली बहादुर बालिका भामेश्वरी शनिवार को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार लेने के लिए अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली रवाना हुई।

भामेश्वरी निर्मलकर धमतरी जिले के कानीड़बरी गांव की रहने वाली है। भामेश्वरी ने अपनी बहादुरी और सूझबूझ से गांव के 2 बच्चों को तालाब में डूबने से बचाया था। भामेश्वरी को भारतीय बाल कल्याण परिषद नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार ग्रहण करने भामेश्वरी अपने पिता जगदीश निर्मलकर के साथ आज सुबह गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली जाने के लिए रायपुर से रवाना हुई। रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के कार्यकारिणी सदस्य एवं वीरता पुरस्कार के प्रभारी राजेन्द्र निगम एवं परिषद के संयुक्त सचिव प्रकाश अग्रवाल में पुष्प माला पहना कर स्वागत किया।

### शादीशुदा युवक को प्रेमजाल में फंसाकर युवती ने किया ब्लेकमेल

» वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूला डेढ़ लाख रुपये

**रायपुर (आरएनएस)।** शादीशुदा युवक को प्रेमजाल में फंसाकर युवती द्वारा ब्लेकमेल किये जाने की रिपोर्ट डीडी नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार डंगनिया निवासी अजय चौरे 32 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शादीशुदा है व एक बच्चे का बाप है। वर्तमान में डंगनिया में रहकर वकालत की पढाई कर रहा है। शादी समारोह में ग्राम बोरतला डोंगरगढ़ निवासी कुमारी झाडे से युवक की जान पहचान होने के बाद युवती ने प्रार्थी के साथ वीडियो व फोटोग्राफ खींचकर शादी करने के लिए दबाव बनाने लगी।

### प्लाटून कमांडर के खाते से 16 हजार पार, धोखाधड़ी का मामला दर्ज




**रायपुर (आरएनएस)।** प्लाटून कमांडर के खाते से दो बार में 16 हजार रुपये किसी ने निकाल लिया। घटना की रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय सिविल लाइन स्थित प्लाटून कमांडर हरिशचंद्र सिन्हा 52 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 16 जनवरी को प्रार्थी के मोबाईल पर एसएमएस के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा चारामा जिला कांकेर के खाता क्रमांक 11514919521 से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुल 16000 रूपये का आहरण कर मेरे साथ धोखाधडी किया गया है।

जिसके संबंध में लिखित शिकायत आवेदन सिविल थाने में दर्ज की गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध कायम कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।



### सड़क निर्माण में लगे 6 वाहनों पर नक्सलियों ने किया आगजनी

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के तोंगपाल थाने से 15 किलोमीटर दूर सड़क निर्माण में लगी 06 वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तोंगपाल से चिड़पाल के मध्य सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था। आज दोपहर में मौके पर नक्सली आ धमके और सड़क निर्माण में लगे 06 वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। ज्ञात हो कि विगत कुछ दिनों से नक्सली वारदातों में अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है नक्सलियों के द्वारा लगातार आगजनी और हत्या जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। बस्तर के सबसे बड़े नक्सलियों नेता माने जाने वाले रमन्ना की मौत के बाद नक्सली संगठन कमजोर पढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा था, जिसे लेकर नक्सली संगठन यह दर्शाना चाहते हैं, कि रमन्ना के मौत के बाद भी नक्सली संगठन की मजबूती में कोई कमी नहीं आई है।

### मैराथन दौड़ में महिला वर्ग से रूखमणी और पुरूष वर्ग से दानवीर ने हासिल किया पहला स्थान

» जनपद पंचायत धमतरी से शुरू हुई दौड़

**धमतरी (आरएनएस)।** विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन आज सुबह 7.30 बजे से स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय से बतौर मुख्य अतिथि सतीश त्रिपाठी और लक्ष्मण साहू द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुरू की गई। खेल अधिकारी सुधा कुमार ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ में चयनित 15 महिला और 15 पुरूष प्रतिभागी आगामी 23 जनवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मैराथन दौड़ में हिस्सा लेंगे।

जिला स्तरीय मैराथन दौड़ सुबह सात बजे से स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय धमतरी से शुरू होगा, जिसमें जिले के चारों विकासखण्ड के चयनित धावक हिस्सा लेंगे। बताया गया है कि



आज सुबह आयोजित मैराथन दौड़ में महिला वर्ग से भटगांव की रूखमणी यादव और पुरूष वर्ग से जुनवानी के दानवीर ने पहला स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह महिला वर्ग में तामेश्वरी साहू ने दूसरा, तुलसी देवांगन तीसरा, गुलशन चैथा, यशोदा नेताम पांचवां, ज्योति मण्डावी छठवां, भवानी देवांगन सातवां, यामिनी सिन्हा आठवां, झामिन साहू नौवां और चित्ररेखा ने दसवां स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पुरूष वर्ग में दूसरे स्थान पर यशवंत, तीसरे रामदयाल, चौथे जितेन्द्र यादव, पांचवें ओमप्रकाश, छठवें हेमचंद, सातवें तीरथ यादव, और दसवें स्थान पर ऋतुराज रहे। गौरतलब है कि पहले स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को एक हजार रूपए, दूसरे स्थान पर 500 रूपए, तीसरे स्थान पर 300 रूपए, चैथे पर 200 रूपए और पांचवें से दसवां स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को 100-100 रूपए पुरस्कार स्वरूप राशि प्रदाय की गई।

### बहन के साथ छेड़छाड़ से नाराज लड़के ने चाकू मारकर की नाबालिग की हत्या

**रायपुर (आरएनएस)। बहन के साथ छेड़छाड़ करने से नाराज लड़के ने एक नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही आस-पास के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर थाने का घेराव कर दिया।**

» वारदात में शामिल सभी आरोपी नाबालिग



मिली जानकारी के अनुसार संतोषीनगर बाजार चौक के पास आरोपी की बहन के साथ छेड़छाड़ को लेकर कुछ दिनों से आरोपी व मृतक के बीच मारपीट पहले भी कई बार मारपीट हुआ था। इसी बात को लेकर आज फिर मृतक व आरोपी के बीच मारपीट होने लगा इसी बीच आरोपी ने अपने साथियों के साथ मृतक से चाकू छीनकर ताबड़तोड़ चाकू से मृतक पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात में शामिल सभी आरोपी नाबालिग है व घटना के बाद फरार हो गये है। घटना की सूचना मिलते ही टिकरापारा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक की शिनाख्ती कर पोस्टमार्टम के भेज दिया है। वही मृतक के मोहल्लेवासी शहर के बीचो बीच हत्या जैसी वारदात होने पर पुलिस के कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुये थाने का घेराव कर दिया। लोगों का कहना है कि राजधानी में लगातार चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही है। इसके बावजूद भी पुलिस की पेट्रोलिंग टीम क्षेत्र में नजर नही आती। जिसके वजह से ऐसी घटाएं सामने आ रही है।

## पल्स पोलियो अभियान में प्रदेश के करीब 36 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

» 19 जनवरी को निर्धारित बूथों में एवं 20-21 जनवरी को मोबाइल टीमों द्वारा पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप

» अभियान के लिए बनाए गए हैं 14396 बूथ, 28792 टीमें गठित

**रायपुर।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत 19 जनवरी को शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए प्रदेश भर में 14 हजार 396 बूथ बनाए गए हैं। 19 जनवरी को पोलियो ड्रॉप पीने से छूट गए बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के लिए गठित मोबाइल टीमें 20 और 21 जनवरी को घर-घर जाकर दवा पिलाएंगी। तीन दिवसीय इस व्यापक अभियान के लिए 28 हजार 792 टीमें गठित की गई हैं।

अभियान के दौरान प्रदेश के करीब 36 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है। पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, सिविल सर्जन तथा सह अधीक्षक जिला अस्पताल और जिला टीकाकरण अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उच्च जोखिम वाले, कठिन व पहुंचविहीन, नियमित टीकाकरण व पिछले अभियानों में कम उपलब्धि वाले तथा सर्वाधिक पलायन वाले श्रमिक क्षेत्रों के लिए विशेष सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार कर लक्षित सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। 19 से 21 जनवरी तक तीन दिवसीय सघन पल्स पोलियो अभियान के दौरान मेलों, सामूहिक उत्सवों और प्रमुख रेलवे स्टेशनों में भी बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने की व्यवस्था रहेगी।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतू प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU